लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम और पहलवान रवि कुमार दहिया को टोक्यो ओलंपिक में जीत पर बधाई दी

नई दिल्ली, 05 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम और पहलवान श्री रवि कुमार दहिया को टोक्यो ओलंपिक में क्रमशः कांस्य पदक और रजत पदक जीतने पर बधाई दी है। अपने संदेशों में, श्री बिरला ने कहा:

"कप्तान मनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई। आपने 41 साल बाद ओलंपिक में पदक जीतकर एक खेल नहीं बल्कि करोड़ों दिल जीते हैं। देश को आप पर गर्व है।"

श्री दहिया को बधाई देते हुए श्री बिरला ने कहा "टोक्यो ओलिंपिक 2020 में कुश्ती के 57 किलो वर्ग में रजत पदक जीतने पर पहलवान रवि दहिया को बधाई। फाइनल मैच में उनके कौशल के साथ हमें उनका जुझारूपन भी साफ नजर आया। उनकी मेहनत और परिश्रम ने देश का मान बढ़ाया है। देशवासियों को उन पर गर्व है।"

श्री बिरला ने पुरुष हॉकी टीम की ऐतिहासिक जीत पर भी प्रसन्नता व्यक्त की, जिसने 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीता और राष्ट्रीय खेल में ओलंपिक पदक के अकाल को समाप्त किया। श्री बिरला ने ओलंपिक में भारतीय ध्वज को विश्व के सबसे बड़े मंच पर ऊंचा रखने में देश के पहलवानों द्वारा की गई निरंतर प्रगति की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय दल देश को और अधिक सम्मान दिलाएगा।

श्री बिरला ने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं।